[This question paper contains 14 printed pages.]

2056

Your Roll No. ....

M.Com./I **A**

Course 416 – MANAGERIAL ACCOUNTING

(Admissions of 2004 and onwards)

Time : 3 Hours *Maximum Marks : 75*

(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)

Note :– The maximum marks printed on the question paper are applicable for the candidates registered with the School of Open Learning. These marks will, however, be scaled down proportionately in respect of the students of regular colleges, at the time of posting of awards for compilation of result.

Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

टिप्पणी :– इस प्रश्नपत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

Attempt **All** *questions.*
All *questions carry equal marks.*

सभी प्रश्न कीजिए।
सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

1. What is management accounting ? Discuss the role of management accounting in planning, control and decision making.

OR

Discuss and distinguish between the following costs giving illustrations.

(i) Product and Period Costs

(ii) Controllable and Uncontrollable Costs

(iii) Joint Cost and Common Cost (15)

प्रबंध लेखाकरण से क्या तात्पर्य है ? आयोजना, नियंत्रण और निर्णयन में प्रबंध लेखाकरण की भूमिका का विवेचन कीजिए।

अथवा

उदाहरण देते हुए निम्नलिखित लागतों का विवेचन और उनके बीच विभेद कीजिए :

(i) उत्पाद और अवधि लागतें

(ii) नियंत्रणीय और अनियंत्रणीय लागतें

(iii) संयुक्त लागत और सामान्य लागत

2. (a) What are the four basic steps required for activity-based costing ? Explain them. (7½)

(b) Discuss the advantages of variable costing. (7½)

OR

(a) What advantages and disadvantages are shared by ROI and Residual Income ? What can be done to overcome drawbacks in these two measures ? (7½)

(b) What are the objectives of transfer pricing ? Under what conditions are market-based prices and negotiated prices optimal ? (7½)

(क) क्रियाकलाप आधारित लागत-निर्धारण के लिए अपेक्षित चार मूलभूत सोपान क्या हैं ? उन्हें स्पष्ट कीजिए।

(ख) परिवर्ती लागत निर्धारण के लाभों का विवेचन कीजिए।

अथवा

(क) ROI और अवशिष्ट आय में क्या लाभ-अलाभ समान हैं ? इन दो मापों की कमियों पर काबू पाने के लिए क्या किया जा सकता है ?

(ख) अंतरण कीमत निर्धारण के क्या उद्देश्य होते हैं ? किन स्थितियों में बाज़ार आधारित कीमतें और सहमत कीमतें इष्टतम होती हैं ?

3. (a) Explain the uses of differential accounting in decision-making. Give suitable illustrations in atleast three areas of decision-making. (7½)

(b) Discuss behavioural dimensions of budgeting. (7½)

OR

(a) Discuss some of the problems that might be created by standards which are set too high and by standards which are too loose. (5)

(b) The following information has been furnished by a company for the month of March 2011. Calculate the following variances :

(i) Fixed overhead cost variance

(ii) Variable overhead cost variance

(iii) Capacity variance

(iv) Calender variance

	Budget	Actual
Output units	30,000	32,500
Hours	30,000	33,000
Fixed overhead (Rs.)	45,000	50,000
Variable overhead (Rs.)	60,000	68,000
Working days	25	26

(10)

(क) निर्णयन में विभेदक लेखाकरण के लाभों को स्पष्ट कीजिए। निर्णयन के कम से कम तीन क्षेत्रों से उपयुक्त उदाहरण देते हुए समझाइए।

(ख) बजट निर्माण के व्यवहारमूलक आयामों का विवेचन कीजिए।

अथवा

(क) अति उच्च मानकों के तथा शिथिल मानकों द्वारा पैदा हो सकने वाली कुछ समस्याओं का विवेचन कीजिए ।

(ख) मार्च 2011 के लिए एक कंपनी द्वारा निम्नलिखित सूचना प्रदान की गई है । निम्नलिखित प्रसरणों को अभिकलित कीजिए :

(i) स्थिर उपरिव्यय लागत प्रसरण

(ii) परिवर्ती उपरिव्यय लागत प्रसरण

(iii) क्षमता प्रसरण

(iv) तिथिजन्य प्रसरण

	बजट	वास्तविक
निर्गत इकाइयाँ	30,000	32,500
घंटे	30,000	33,000
स्थिर उपरिव्यय (₹)	45,000	50,000
परिवर्ती उपरिव्यय (₹)	60,000	68,000
कार्य दिवस	25	26

4. A company is concerned with changing to the variable cost method of inventory valuation for making internal decisions. The absorption costing income statements for January and February are shown below

	January	February
	(Rs.)	(Rs.)
Sales (8000 units)	16,00,000	16,00,000
Cost of goods sold	(9,92,000)	(10,88,000)
Gross profit	6,08,000	5,12,000
Selling & Administrative Expenses	3,00,000	3,00,000
Net Income	3,08,000	2,12,000

Other information are as follows :

Production units	10,000	6,000
Variable production Cost per unit	Rs. 100	Rs. 100
Fixed production cost	Rs. 2,40,000	Rs. 2,40,000

The selling and administrative expenses should above include variable costs of Rs. 10 per unit sold.

Required :

(a) Prepare income statements for both months using variable costing.

(b) Explain why the net income under absorption costing for January was higher than the next income for February when sales units are same in each month.

OR

On the basis of the following information in respect of an engineering company, what is the product mix which will give the highest possible profit ? Do you recommend overtime working upto a maximum of 15,000 hours at twice the normal wages ?

Product manufactured	A	B	C
Raw materials per unit	10 Kg	6 Kg	15 Kg
Labour hours per unit @ Re 1 per hour	15	25	20
Sales price per unit (Rs.)	125	100	200
Maximum production possible (units)	6,000	4,000	3,000

1,00,000 Kgs raw materials are available @ Rs. 10 per Kg. Maximum production hours are 1,84,000 with facility for a further 15,000 hours on overtime basis at twice the normal wage rate. (15)

एक कंपनी आंतरिक निर्णयों के लिए मालसूची मूल्यांकन की परिवर्ती लागत प्रणाली में परिवर्तन करने का विचार कर रही है। जनवरी और फरवरी के अवशोषण लागत निर्धारण आय विवरण नीचे दिएं गए हैं :

	जनवरी (₹)	फरवरी (₹)
बिक्री (8000 इकाई)	16,00,000	16,00,000
विक्रीत वस्तुओं की लागत	(9,92,000)	(10,88,000)
सकल लाभ	6,08,000	5,12,000
विक्रय और प्रशासनिक व्यय	3,00,000	3,00,000
कुल आय	3,08,000	2,12,000

अन्य सूचना इस प्रकार है :

उत्पादन इकाई	10,000	6,000
प्रति इकाई परिवर्ती उत्पादन लागत	Rs. 100	Rs. 100
स्थिर उत्पादन लागत	₹ 2,40,000	₹ 2,40,000

ऊपर दिखाए गए विक्रय और प्रशासनिक व्ययों में ₹ 10 प्रति विक्रीत इकाई की परिवर्ती लागतें शामिल हैं।

<u>अपेक्षित कार्य</u>

(क) परिवर्ती लागत निर्धारण का उपयोग करते हुए दोनों महीनों के लिए आय विवरण तैयार कीजिए।

(ख) स्पष्ट कीजिए कि प्रत्येक महीने में विक्रय-इकाइयाँ समान होने पर भी जनवरी के लिए अवशोषण लागत निर्धारण के अंतर्गत शुद्ध आय फरवरी के लिए शुद्ध आय से क्यों अधिक थी ?

अथवा

एक इंजीनियरिंग कंपनी के बारे में निम्नलिखित सूचना के आधार पर, क्या उत्पाद-मिश्र सर्वाधिक संभव लाभ प्रदान करेगा ? क्या आप सामान्य मजदूरी से दोगुनी मजदूरी पर अधिकतम 15,000 घंटों तक समयोपरि कार्य करने की संस्तुति करते हैं ?

विनिर्मित उत्पाद	A	B	C
प्रति इकाई कच्चा माल	10 कि.ग्रा.	6 कि.ग्रा.	15 कि.ग्रा.
₹ 1 प्रति घंटे की दर पर			
प्रति इकाई श्रम-घंटे	15	25	20
प्रति इकाई विक्रय कीमत (₹)	125	100	200
संभव अधिकतम उत्पादन (इकाई)	6,000	4,000	3,000

1,00,000 कि.ग्रा. कच्चा माल ₹ 10 प्रति कि.ग्रा. की दर पर उपलब्ध है। अधिकतम उत्पादन घंटे 1,84,000 हैं। सामान्य मजदूरी दर से दोगुनी मजदूरी दर पर समयोपरि आधार पर 15,000 अतिरिक्त घंटों की सुविधा है।

5. Modi Company purchases 10,000 items of a product annually from Bajaj Company. Because the prices keep increasing and reached Rs. 88 per unit last year, Modi's management has asked for a cost estimate to manufacture the item internally. Modi makes stampings and castings and has little experience with products that require assembly. A report has been prepared for the management that includes the following estimate for an assembly run of 10,000 items. To manufacture the items Modi will hire additional production employees but will need no additional equipment, space or supervision. The report estimates that total costs for 10,000 units are estimated at Rs. 120 per unit. The current purchase price is Rs. 88 per unit, so the report recommends the continued purchase of the product. If the items are purchased, the currently unused space could be leased for Rs. 1,50,000 annually.

	(Rs.)
Components	
Assembly labour	2,70,000
Share of existing facility	2,90,000
Costs based on labour	6,40,000
Total costs	12,00,000

Assembly labour consists of hourly production workers.

Required :

(a) Was the recommendation (of the report) to continue purchasing the items correct ? Explain your answer and include any supporting calculations that you consider necessary.

(b) Present several benefits and problems of dealing with outside suppliers such as Bajaj Company.

OR

Pfizer Industries has several divisions that operate as decentralised profit centres. System Division of the company produces scientific instruments and uses the products of other two divisions. The Board Division produces printed circuited board (PCB). One PCB model is made exclusively for the Systems Division using proprietary designs, while less complex models are sold in outside markets. The products of the Transistor Division are sold in a well developed competitive market; however, one transistor model is also used by the System Division. The cost per unit of the products used by the System Division are as follows :

	PCB	Transistor
	(Rs.)	(Rs.)
Direct material	2500	800
Direct labour	4500	1000
Variable overhead	2000	500
Fixed overhead	800	750
Total cost	9,800	3,050

The Board Division sells its product at full cost plus 25 percent mark up and believes the proprietary board made for the system division would sell for Rs. 12,250 per unit in the open market. The market price of the transistor used by the System Division is Rs. 3700 per unit.

Required :

(i) What is the minimum transfer price for the Transistor Division ? What is the maximum transfer price of the transistor for the System Division ?

(ii) Assume the Systems Division is able to purchase a large quantity of transistors from an outside source at Rs. 2,900 per unit. Further, assume that the Transistor Division has excess capacity. Can the Transistor Division meet this price.

(iii) The Board and Systems Division have negotiated a transfer price of Rs. 11,000 per printed circuit board. Discuss the impact this transfer price will have on each division. (15)

मोदी कंपनी बजाज कंपनी से वर्ष में एक उत्पाद की 10,000 इकाई खरीदती है। कीमतों के बढते रहने के कारण और पिछले वर्ष ₹ 88 प्रति इकाई तक पहुँच जाने के कारण मोदी के प्रबंधक वर्ग ने उत्पाद का आंतरिक रूप से विनिर्माण करने के लिए लागत-आकलन के लिए कहा है। मोदी ठप्पे बनाती है और ढलाई करती है और समाहार की अपेक्षा करने वाले उत्पादों के संबंध में उसका अनुभव नगण्य है। प्रबंध वर्ग के लिए एक रिपोर्ट तैयार की गई है जिसमें 10,000 इकाइयों के लिए समाहार-परिचालन के लिए निम्नलिखित आकलन शामिल है। उत्पाद बनाने के लिए मोदी को अतिरिक्त उत्पादन कर्मचारियों को नियोजित करना होगा, किंतु किसी अतिरिक्त उपस्कर, स्थान या पर्यवेक्षण की आवश्यकता नहीं होगी। रिपोर्ट का आकलन है कि 10,000 इकाइयों के लिए कुल लागत ₹ 120 प्रति इकाई होगी। वर्तमान क्रय-कीमत ₹ 88 प्रति इकाई है, अतः रिपोर्ट में संस्तुति की गई है कि उत्पाद का क्रय जारी रखा जाए। यदि उत्पाद खरीदा जाता है, तो वर्तमान में अप्रयुक्त स्थान को ₹ 1,50,000 वार्षिक पर पट्टे पर दिया जा सकता है।

	(₹)
पुरजे	
समाहार श्रम	2,70,000
विद्यमान सुविधा का सहभाजन	2,90,000
श्रम पर आधारित लागत	6,40,000
कुल लागत	12,00,000

समाहार श्रम में घंटावार उत्पादन कामगार समाविष्ट हैं।

<u>अपेक्षित कार्य</u>

(क) क्या रिपोर्ट में उत्पाद की खरीद जारी रखने का सुझाव सही है ? अपने उत्तर का समर्थन कीजिए और आप जिन समर्थनकारी परिकलनों को आवश्यक समझते हैं, उन्हें शामिल कीजिए।

(ख) बजाज कंपनी जैसे बाह्य प्रदायकों के साथ व्योंहार करने की कई लाभ और समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

फाइज़र इंडस्ट्रीज के अनेक प्रभाग हैं जो विकेन्द्रीकृत लाभ-केन्द्रों के रूप में कार्य करते हैं। कंपनी का सिस्टम प्रभाग वैज्ञानिक उपकरणों का उत्पादन करता है और अन्य दो प्रभागों के उत्पादों का उपयोग करता है। बोर्ड प्रभाग मुद्रित परिपथ बोर्ड बनाता है। एक मुद्रित परिपथ बोर्ड स्वाम्य अभिकल्पों का उपयोग करते हुए एकमात्र सिस्टम प्रभाग के लिए बनाया जाता है, जबकि कम जटिल मॉडल बाहर बाज़ारों में बेचे जाते हैं। ट्रांजिस्टर प्रभाग के उत्पाद सुविकसित प्रतिस्पर्धी बाज़ार में बेचे जाते हैं, तथापि एक ट्रांजिस्टर मॉडल का सिस्टम प्रभाग द्वारा भी उपयोग किया जाता है। सिस्टम प्रभाग द्वारा प्रयुक्त उत्पादों की प्रति इकाई लागत इस प्रकार है :

	मुद्रित परिपथ बोर्ड (₹)	ट्रांजिस्टर (₹)
प्रत्यक्ष सामग्री	2500	800
प्रत्यक्ष श्रम	4500	1000
परिवर्ती उपरिव्यय	2000	500
स्थिर उपरिव्यय	800	750
कुल लागत	9,800	3,050

बोर्ड प्रभाग अपने उत्पाद को पूरी लागत जमा 25 प्रतिशत वर्धित लागत पर बेचता है और विश्वास करता है कि सिस्टम प्रभाग के लिए बनाया गया स्वाम्य बोर्ड खुले बाज़ार में ₹ 12,250 प्रति इकाई में बिकेगा। सिस्टम प्रभाग द्वारा प्रयुक्त ट्रांजिस्टर की बाज़ार कीमत ₹ 3700 प्रति इकाई है।

<u>अपेक्षित कार्य</u>

(i) ट्रांजिस्टर प्रभाग के लिए न्यूनतम अंतरण कीमत क्या है ? सिस्टम प्रभाग के लिए ट्रांजिस्टर की अधिकतम अंतरण कीमत क्या है ?

(ii) मान लीजिए कि सिस्टम प्रभाग एक बाह्य स्रोत से बड़ी संख्या में ट्रांजिस्टरों को ₹ 2900 प्रति इकाई पर खरीद सकता है। यह भी मान लीजिए कि ट्रांजिस्टर प्रभाग के पास अतिरिक्त क्षमता है। क्या ट्रांजिस्टर प्रभाग का इस कीमत पर पूरा पड़ सकता है ?

(iii) बोर्ड और सिस्टम प्रभागों ने प्रति मुद्रित परिपथ बोर्ड के लिए वार्ता तय अंतरण कीमत ₹ 11,000 निर्धारित की है। प्रत्येक प्रभाग पर इस अंतरण कीमत के प्रभाव का विवेचन कीजिए।